A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Jamshedpur
Heartily Welcomes

B. A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Jamshedpur
Heartily Welcomes

बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में वाटर हार्वेस्टिंग शुरू

गालूडीह. घुटिया स्थित बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पराक्रम दिवस मनाया गया. मुख्य अतिथि झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) के कुलपति डॉ पीके मिश्रा, जेयूटी के पूर्व निदेशक आइआइटी, बीएचयू एवं एडवाइजर डॉ एसएन उपाध्याय उपस्थित थे. इस अवसर पर नेताजी की तस्वीर पर श्रद्धांजलि दी गयी. वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला. इससे पहले कॉलेज प्रांगण में मुख्य अतिथि ने पौधरोपण किया. वाटर हार्वेस्ट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया. कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने कॉलेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बेसिक साइंस की प्रोफेसर डॉ डॉली चक्रवर्ती ने वाटर हार्वेस्ट प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की. डीन स्टूडेंट्स अफेयर्स सुश्री अनुमिता सेनगुप्ता ने कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए हो रहे प्रयासों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया. उद्घाटन भाषण कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ इशिता घोष ने दिया. कार्यक्रम का संचालन सुश्री कमालिका दास ने किया. इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर्स व स्टाफ उपस्थित थे.

बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में नेताजी की जयंती मनायी

जमशेदपुर. बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिया में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पराक्रम दिवस मनाया गया. जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति डॉ पीके मिश्रा जबकि विशिष्ट अतिथि आइआइटी बीएचयू के पूर्व निदेशक डॉ एसएन उपाध्याय उपस्थित थे. इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर माला पहना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. इससे पहले कॉलेज के प्रांगण में मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण के साथ ही वाटर हार्वेस्ट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया. कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने कॉलेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बेसिक साइंस की प्रोफेसर डॉ डॉली चक्रवर्ती ने वाटर हार्वेस्ट प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की. डीन स्टूडेंट्स अफेयर्स अनुमिता सेनगुप्ता ने कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए हो रहे प्रयासों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया. उद्घाटन भाषण कॉलेज की प्रभारी प्रिंसिपल डॉ इशिता घोष ने दिया. कार्यक्रम का संचालन कमालिका दास ने किया. इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर के साथ ही कई अन्य शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे.